# Sh. L.N. Hindu College, Rohtak

## (A Post-Graduate Co-Educational Institute)

## Affiliated to M.D. University, Rohtak




# University Outreach Programme Annual Activity Report

# (2024-25)

**Programme Coordinator**

Dr Hardeep Singh

**Members**

Dr Promila Yadav

Mr. Sumit

# Index :-

| Sr. No. | Date | Activity | No. of Participants | Page No. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | July-August | पंजीकरण कार्यक्रम | 30 | 2 |
| 2 | 03/07/24 | एक दिवसीय ग्रामीण स्वास्थ्य जाँच शिविर | 7 | 4 |
| 3 | 02/12/24 | रक्तदान शिविर | 20 | 6 |
| 4 | 08/03/25 | एक दिवसीय ग्रामीण स्वास्थ्य जाँच शिविर | 24 | 6 |
| 5 | 25/05/25 | एक दिवसीय स्वास्थ्य जाँच शिविर | 20 | 8 |

## विश्वविद्यालय आउटरीच कार्यक्रम के लक्ष्य और उद्देश्य :-

हमारे संस्थान के  आउटरीच कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में अपने समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना जगाना है। इस कार्यक्रम का  मुख्य उद्देश्य छात्रों को भारतीय ग्रामीण समुदायों के जमीनी स्तर से परिचित करवाना   है। आउटरीच कार्यक्रम के माध्यम से आयोजित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को ग्रामीण समुदाय की विभिन्न  समस्याओं व चुनौतियों को जानने, समझने और उनके समाधान में एक स्वयंसेवक के रूप में अपनी भूमिका को निर्धारित करने का अवसर प्राप्त होता

है ।  इस कार्यक्रम के तहत हमारे कॉलेज द्वारा आंवल , बनियानी, गद्दीखेडी, ताज्जा माजरा और डोब गांव को गोद लिया गया है। कॉलेज की विभिन्न कक्षाओं के 30 विद्यार्थियों  की इस कार्यक्रम के माध्यम से आयोजित गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता रही है।

- सामुदायिक जागरूकता बढ़ाना
- सामुदायिक सहयोग को बढ़ावा देना
- स्वयं सेवा की भावना पैदा करना

**01**

**पंजीकरण कार्यक्रम**


**July/August**

कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों को आउटरिच गतिविधियों से जोड़ने व उन्हें UOP में पंजीकरण करवाने के लिए अभियान चलाया गया जिसमे विभिन्न संकायों के 30 विद्यार्थियों ने अपना पंजीकरण करवाया.

## 02
## एक दिवसीय ग्रामीण स्वास्थ्य जाँच शिविर
## July 2024

श्री लाल नाथ हिन्दू महाविद्यालय, रोहतक  की यूओपी एवं एनसीसी इकाई द्वारा लाहली गांव में एक दिवसीय ग्रामीण स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मणिपाल हॉस्पिटल द्वारका, दिल्ली एवं आई क्यू हॉस्पिटल, रोहतक के डॉक्टर्स की टीम जिसमें हड्डी विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, तथा हृदय रोग विशेषज्ञ ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जाँच की। शिविर में लैब तकनीकी विशेषज्ञ ने ईसीजी, बीएमआई , ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जाँच की। इस जाँच शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ अशोक रंगा, डॉ अनिल तनेजा प्राचार्य हिन्दू कॉलेज रोहतक एवं सरपंच लहली रहे जिन्होंने शिविर आयोजक टीम को बधाई दी तथा इस कार्य के लिए ख़ुशी ज़ाहिर करते हुए सराहना की। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य ने ग्रामीण परिवेश में आयोजित इस तरह की गतिविधियों के लिए टीम को प्रोत्साहित किया तथा भविष्य में इस तरह के सामाजिक कार्यों का

आयोजन करने के लिए आश्वासन दिया। लाहली गाँव की सरपंच डॉ कश्मीरी कलसन एवं श्री भीम सेन मलहोत्रा ने इस शिविर के आयोजन में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर डॉ कश्मीरी एवं उनके पति श्री कृष्ण कुमार ने शिविर आयोजकों , डॉक्टरों एवं सभी वालंटियर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। शिविर में लगभग 128 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जाँच की गई व जाँच के पश्चात मरीज़ों को मुफ़्त दवाई भी उपलब्ध करवाई गई। हिंदू शिक्षण संस्थान के प्रधान श्री सुदर्शन कुमार धींगड़ा एवं अन्य पदाधिकारीगण ने कैंप के सफल आयोजन के लिए डॉ राजेश गहलावत, डॉ शालू, डॉ नीलम, डॉ हरदीप सिंह को शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर कॉलेज वालंटियर हिमानी, शीतल,नेहा , आकाश, ध्रुव, विश्वजीत, उत्कर्ष आदि मौजूद रहे।






**03**

**रक्तदान शिविर**

**December 2024**

श्री लालुनाथ हिंदू कॉलेज रोहतक की अप इकाई के द्वारा 2 दिसंबर 2024 को स्वर्गीय डॉक्टर मंगल सेन के जन्मदिवस के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

**04**

**एक दिवसीय ग्रामीण स्वास्थ्य जाँच शिविर**

**March 2025**

श्री लाल नाथ हिन्दू महाविद्यालय, रोहतक की वाईआरसी , यूओपी एवं एनसीसी इकाई द्वारा पटवापुर गांव में एक दिवसीय ग्रामीण स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मणिपाल हॉस्पिटल द्वारका, दिल्ली एवं आई क्यू हॉस्पिटल, रोहतक के डॉक्टर्स की टीम जिसमें हड्डी विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जाँच की। शिविर में लैब तकनीकी

विशेषज्ञ ने ईसीजी, ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जाँच की। इस जाँच शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध समाजसेवी रिटायर्ड अध्यापक श्री राम कुमार, श्रीमती कुलवंती रुहिल, डायरेक्टर, संस्कार वेली पब्लिक स्कूल पटवापुर एवं डॉ अनिल तनेजा प्राचार्य हिन्दू कॉलेज रोहतक रहे जिन्होंने शिविर आयोजक टीम को बधाई दी तथा इस कार्य के लिए ख़ुशी ज़ाहिर करते हुए सराहना की। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य ने ग्रामीण परिवेश में आयोजित इस तरह की गतिविधियों के लिए टीम को प्रोत्साहित किया तथा भविष्य में इस तरह के सामाजिक कार्यों का आयोजन करने के लिए आश्वासन दिया। पतवापुर गाँव के सरपंच श्री अशोक ढुल्ल एवं सुनील ढुल्ल ने इस शिविर के आयोजन में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर डॉक्टरों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। शिविर में लगभग 146 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जाँच की गई व जाँच के पश्चात मरीज़ों को मुफ़्त दवाई भी उपलब्ध करवाई गई। हिंदू शिक्षण संस्थान के प्रधान श्री सुदर्शन कुमार धींगड़ा एवं अन्य पदाधिकारीगण ने कैंप के सफल आयोजन के लिए डॉ राजेश गहलावत, डॉ शालू एवं डॉ हरदीप सिंह को शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर कॉलेज वलंटियर अभिनव, राहुल, तान्या, स्नेहा, कार्तिक, कशिश, छवि आदि मौजूद रहे.






## 05
## एक दिवसीय स्वास्थ्य जाँच शिविर

श्री लाल नाथ हिन्दू महाविद्यालय, रोहतक की वाईआरसी , यूओपी एवं एनसीसी इकाई द्वारा मानसरोवर पार्क, रोहतक में एक दिवसीय स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पोज़ीट्रोन हॉस्पिटल, रोहतक के डॉक्टर्स की टीम जिसमें हड्डी विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, मेडिसिन एवं हृदय जाँच विशेषज्ञ ने आमजन के स्वास्थ्य की जाँच की। शिविर में लैब तकनीकी विशेषज्ञ ने ईसीजी, ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जाँच की। इस जाँच शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में हिंदू शिक्षण संस्था के पूर्व प्रधान श्री राजेश सहगल जी, प्रधान श्याम कपूर जी, महामंत्री श्री संजय आहुजा जी, जिला प्रशिक्षण अधिकारी रेड क्रॉस रोहतक श्री रवि दत्त जी रहे। डॉ अनिल तनेजा प्राचार्य हिन्दू कॉलेज ने शिविर आयोजकों एवं टीम को बधाई दी तथा इस तरह की गतिविधियों के लिए टीम को प्रोत्साहित किया तथा भविष्य में इस तरह के सामाजिक कार्यों का आयोजन करने के लिए आश्वासन दिया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर डॉक्टरों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर में लगभग 86 लोगो के स्वास्थ्य की जाँच की गई व जाँच के पश्चात मरीज़ों को मुफ़्त दवाई भी उपलब्ध करवाई गई। हिंदू शिक्षण संस्थान के प्रधान एवं अन्य पदाधिकारीगण ने कैंप के सफल आयोजन के लिए लेफ्टिनेंट राजेश गहलावत एवं डॉ शालू जुनेजा को शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर सीनियर प्रोफेसर डॉ रश्मि छाबड़ा, डॉ सीमा गोसाईं, डॉ रीना कत्याल, मिसेज़ मधु विज, कॉलेज वालंटियर राहुल, स्वाति, कोमल, शुभम, मोहित, नवीन, जतिन आदि मौजूद रहे।



# एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

रोहतक, 25 मई ( धामु ) : श्री लाल नाथ हिन्दू महाविद्यालय, रोहतक की वाई.आर. सी., यू.ओ.पी. एवं एन.सी.सी. इकाई द्वारा मानसरोवर पार्क में एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, मैडीसन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ ने आमजन के स्वास्थ्य की जांच की। शिविर में लैब तकनीकी विशेषज्ञ ने ई.सी.जी., ब्लड प्रैशर एवं शुगर की जांच की।

इस जांच शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में हिंदू शिक्षण संस्था के पूर्व प्रधान राजेश सहगल, प्रधान श्याम कपूर, महामंत्री संजय आहुजा, जिला प्रशिक्षण अधिकारी रैडक्रॉस रोहतक रवि दत्त रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. अनिल तनेजा ने शिविर आयोजकों एवं टीम को बधाई दी तथा इस तरह की गतिविधियों के लिए टीम को प्रोत्साहित किया तथा अपनी व अपने महाविद्यालय की ओर से प्रबन्ध समिति व अन्य गण्यमान्यजनों को भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक कार्यों का आयोजन करवाने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम के समापन पर डॉक्टरों की टीम को सम्मानित किया। शिविर में लगभग 86 लोगों के स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच की गई व उन्हें निःशुल्क दवाई भी उपलब्ध करवाई गई। हिंदू शिक्षण संस्थान के प्रधान एवं अन्य पदाधिकारीगण ने कैंप के सफल आयोजन के लिए लेफ्टिनैंट राजेश गहलावत एवं डा. शालू जुनेजा को शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर पवन आहुजा, सीनियर प्रो. डा. रश्मि छाबड़ा, डा. सीमा गोसाईं, डा. रीना कत्याल, मिसेज़ मधु विज, कॉलेज वालंटियर राहुल, स्वाति, कोमल, शुभम, मोहित, नवीन व जतिन आदि उपस्थित रहे।

*शिविर के दौरान जांच करवाते स्थानीय लोग।*

